

हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

# कांच ही बांस के बहंगिया... गीत से गूंज उठे छठ घाट

## खबर संक्षेप

### आज से स्कूलों के खुलेंगे पट



**बैकुण्ठपुर।** दीपावली की लंबे अवकाश के बाद 28 अक्टूबर से जिलेभर के स्कूलों के बंद पट खुल जाएंगे और सप्ताह भर के बाद फिर से जिले के विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति से विद्यालय गुलजार होंगे। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस बार 20 से 25 अक्टूबर तक दीपावली का अवकाश घोषित किया था, लेकिन अवकाश शुरू होने के पूर्व 19 अक्टूबर को रविवार एवं घोषित अवकाश शुरू होने के बाद 26 अक्टूबर को रविवार अवकाश था तथा इसके दूसरे दिन सोमवार को छठ पूजा का अवकाश घोषित था, इस तरह एक सप्ताह से अधिक दिनों तक इस बार दीपावली का अवकाश एकमुश्त रहा, इसके बाद 28 अक्टूबर को अवकाश के बाद विद्यालयों के बंद पट खुल जाएंगे।

### राजवाड़े समाज समिति की कार्यकारिणी गठित



**बैकुण्ठपुर।** राजवाड़े समाज समिति ग्राम जूनापारा (बिशुनपुर) की ग्राम समिति का पुर्नगठन एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 25 अक्टूबर को गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन सुरेन्द्र राजवाड़े के निवास तलवापारा में संपन्न हुआ। इसमें समाज के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ सदस्य, शिक्षक वर्ग एवं ग्रामीणजन काफी संख्या में उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज की एकता, शिक्षा, संस्कृति और विकास के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

लोक आस्था का महापर्व छठ के तीसरे दिन सोमवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य देकर मंगल कामना के साथ सपरिवार की सुख-समृद्धि, शांति और यशवृद्धि की कामना की। सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से व्रति अपने-अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपरान्ह विभिन्न छठ घाट के लिए छठ के गीत गाते हुए निकले। इस दौरान कुछ छठ व्रतियों के परिवारों ने बाजे गाजे के साथ छठ घाट पहुंच कर विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य की आराधना की गई और अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया।

जिला मुख्यालय के राममंदिर बाजारपारा ,गढ़ेलपारा, रामपुर गेज नदी, सागरपुर स्थित झुमका जलाशय समेत अन्य छठ घाटों में व्रती पहुंच कर पूजा-अर्चना पश्चात अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन व्रतियों ने छठ घाट पर वेदियों पर हल्दी से शुभ ▶▶ शेष पेज 4 पर







### महापर्व का आज होगा समापन

चार दिनों से चल रहे महापर्व का समापन मंगलवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा। छठ के महापर्व के दौरान 28 अक्टूबर को व्रती महिलाएं व पुरूष जिला मुख्यालय के बाजारपारा राम मंदिर छठ घाट, गढेलपारा, रामपुर छठ घाट सहित अन्य जलाशयों में छठ घाटों के किनारे जाकर उगते सूर्य की पूजा कर अर्घ्य देंगे। इसके साथ ही व्रत का समापन होगा।

### पर्व को लेकर यह है मान्यता

मान्यता है कि छठ का व्रत करने से छठी मईया प्रसन्न होकर संतान को दीर्घायु का वरदान देती है, इसलिए संतान प्राप्ति और संतान की लंबी आयु अच्छे स्वस्थ जीवन व पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना के लिए छठ का व्रत रखा जाता है। जिला मुख्यालय समेत कई-कई जगहों में अब इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ इसका भव्य आयोजन किया जाता है।

### 120 रूपए जोड़े बिके गन्ने

छठ महापर्व को लेकर सोमवार को व्रत करने वाले श्रद्धालु बाजार से पूजन सामग्री खरीदने में व्यस्त रहे, सुबह से ही लोग विभिन्न तरह के पूजन सामग्री की खरीदी में जुटे रहे तथा फलों के दुकान में भी लोगों की इस दिन भीड़ अधिक देखी गई। इस दिन शहर के चौक-चौराहों में 120 रूपए जोड़े के हिसाब से गन्ने बिके।

### घर-घर बना ठेकुआ, आज उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य



**मनेन्द्रगढ़।** सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर मनेन्द्रगढ़ नगर सहित पूरे जिले में भक्ति, पवित्रता और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सोमवार की शाम छठ व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं मंगलवार को प्रातःकाल उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का विधिवत समापन किया जाएगा। शनिवार से ही घर-घर में ठेकुआ बनाने की सुगंध और छठ गीतों की गूंज वातावरण को आध्यात्मिक बना रही है। महिलाओं के साथ पूरा परिवार श्रद्धापूर्वक पर्व की तैयारियों में जुटा रहा। छठ व्रतियों ने निर्जल व्रत रखते हुए कठोर नियमों के साथ पूजा-अर्चना की। सोमवार को सूर्य अस्त ▶▶ शेष पेज 4 पर

### संभाग के पहले सूर्य मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा



छठघाट पहुंचे विधायक भईयालाल राजवाड़े।

**चरचा कॉलरी।** लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा इस वर्ष नगर पालिका शिवपुर-चरचा में भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर मनाए जाने वाले इस पर्व में चार दिनों तक श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

दीपावली के छह दिन बाद प्रारंभ होने वाला यह पर्व नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य के क्रम में पूरे नगर में आस्था का केन्द्र बना रहा। नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 1 स्थित ऐतिहासिक छठ घाट को इस वर्ष विशेष रूप से सजाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह तथा नपाधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व में पूरे घाट को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्प सजावट और झिलमिल दीपों से निखारा गया। वर्षों से चली आ रही स्थानीय जनता की मांग आखिरकार इस वर्ष पूरी हुई, जब भाजपा शासनकाल में सूर्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 26 अक्टूबर को विधिवत रूप से संपन्न की गई। यह मंदिर सरगुजा संभाग का पहला सूर्य मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सोमवार को आयोजित प्रथम अर्घ्य में श्रद्धालुओं की भीड़-उमड़ पड़ी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अस्ताचलगामी सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य



**बिजुरी।** छठ महापर्व पर नगर क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 9 स्थित सूर्य मंदिर तालाब घाट पर छठ व्रत धारण करने वाली व्रती महिलाओं ने डूबते हुए भगवान सूर्य (अस्ताचलगामी भास्कर) को विधि-पूर्वक अर्घ्य देकर पूजन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि भगवान सूर्य शाश्वत हैं, जिन्हें हम न केवल देख सकते हैं, बल्कि उनके बिना मनुष्य सहित पशु-पक्षी, पेड़-वनस्पति इत्यादि किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। गौरतलब है कि शनिवार 25 अक्टूबर से शुरू हुए छठ महापर्व का आयोजन नहाय-खाए के साथ प्रारंभ हुआ, इसके दूसरे दिन व्रती महिलाओं द्वारा खरना पूजा की गई। तीसरे दिवस पर व्रतियों ने तालाब के भीतर प्रवेश करते हुए अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर, विधि-विधान से पूजन किया। इस चार दिवसीय महापर्व का समापन अब चौथे दिवस उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात ही माना जाएगा।



### दिनभर चली पूजन सामग्रियों की बिक्री

बैकुण्ठपुर। छठ पर्व के तीसरे दिन सोमवार को शहर के बाजार में सुबह से लेकर दोपहर तक विभिन्न सामग्री क्रय करने के लिए लोग जुटे रहे, इसके चलते शहर में दोपहर तक इस दिन भीड़-भाड़ बनी रही। छठ पर्व के लिए लोग विभिन्न पूजन सामग्री क्रय करते रहे, जिनमें कई तरह के कच्ची पूजन सामग्री शामिल रहा, इसके अलावा कुमार चौक पर सूप दौरा के विक्रेता भी पहुंचे थे, जहां कई लोगों ने सूप दौरा की खरीदी की। इस अवसर पर व्यापारियों ने उक्त सामग्रियों के दाम बढ़ा रखे थे,बावजूद जरूरत के लिए लोगों के द्वारा क्रय की जाती रही। शहर के लोगों के अलावा आस-पास अंचल के लोग भी सुबह से ही शहर के बाजार में पहुंच कर फूल माला के साथ, विभिन्न तरह के पूजन सामग्री, फल, आदि की खरीदी करने में जुटे रहे।

### पार्षद ने निःशुल्क गन्ना का वितरण कराया



छठ पर्व के अवसर पर नपा बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद श्रीमती शिल्पी गुप्ता व भाजपा युवा नेता रजनीश गुप्ता द्वारा सोमवार को फव्वारा चौक पर छठ पूजा के लिए निःशुल्क गन्ना का वितरण किया गया। इस अवसर पर घनश्याम यादव, हरेन्द्र पाण्डेय, जय प्रकाश, सावन व सचिन का विशेष योगदान रहा।

### चाय और पेयजल की रही व्यवस्था



शहर के राम मंदिर तालाब में श्रद्धालुओं के सुविधाओं के लिए नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव, विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य के द्वारा चाय, पानी, केला आदि की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सिटी कोतवाली पुलिस, यातायात पुलिस एवं तहसीलदार छठघाट का लगातार निरीक्षण कर रहे थे।

सुमीत बाजार
सफलता की डोर पकड़िए - हमारे
बिजनेस पार्टनर बनिए
सुमीत ग्रुप दे रहा है सुनहरा भरोसेमंद अवसर
1 यदि आपके पास 1000 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली दुकान प्रमुख स्थान पर है, तो आप खोल सकते हैं अपना
सुमीत फ्रेंचाइजी स्टोर
2 भू-तल पर फर्निश्ड दुकान लीज पर देकर बन सकते हैं सुमीत के
रेवेन्यू शेयरिंग भागीदार
सुमीत बाजार छत्तीसगढ़ के हर जिला, तहसील और गाँव में अपना नेटवर्क तेजी से बढ़ा रहा है. आप भी इस विकास यात्रा का हिस्सा बनें!
अधिक जानने के लिये संपर्क करें
कॉल करें : 9109847900
ईमेल करें : franchise@sumeetbazaar.com
विजिट करें : सुमीत बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, पुजारी चैम्बर्स के सामने, रायपुर

खबर संक्षेप



## साहित्यकार सत्येंद्र के दूसरे कविता संग्रह का विमोचन

**सोनगरा/सलका अघिना।** विकासखंड भैयाथान के ग्राम बैजनाथपुर में ग्रामीण परिवेश में बढ़े सत्येंद्र कुमार गुप्ता द्वारा रचित कविता संग्रह शब्दों की अभिव्यक्ति का विमोचन संघ कार्यालय सेवा कुंज में नागेश नाथ योगी, दुर्गा चरण सिंह, नरेश सोनी, दिनेश सिंह, अनीश गुप्ता, विजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि देवपाल पैकरा, जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल मराप्पो द्वारा किया गया। सत्येंद्र गुप्ता वर्तमान में शाकउमा सोनगरा में भौतिक विज्ञान के व्याख्याता पद पर पदस्थ हैं। कार्यक्रम में विभाग समरसता प्रमुख अरुण कनोजे, विरेश सिंह, बलदाऊ, विनोद वैष्णव सहित अन्य उपस्थिति रहे।

## नगर साहू संघ की नई समिति गठित, बीड़ी लाल बने अध्यक्ष

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन पर तथा जिला अध्यक्ष रामसेवक गुप्ता की उपस्थिति में साहू समाज धर्मशाला में नगर



अध्यक्ष साहू संघ की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बीड़ी लाल गुप्ता, महामंत्री अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, मंजू गुप्ता, शोभा गुप्ता, हरिओम गुप्ता, सचिव दीपू गुप्ता को बताया गया है। साहू समाज के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष बीड़ी लाल गुप्ता पूर्व में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी जनपद पंचायत रामचंद्रपुर की सभापति हैं, जो निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित हुई थीं।

## भाग रहे हत्यारे को पकड़ने वाले युवकों को किया गया सम्मान



**अम्बिकापुर।** शहर में विगत दिनों बालिका की हत्या कर भाग रहे अपराधी को पकडने वाले गुरुदेव सिंह एवं हर्ष सिमरन सिंह को शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, विकास अधिकारी लवकेश बघेल, राजेन्द्र अग्रवाल, देवपाल सिंह, अधिवक्ता पंकज गुप्ता, हरपाल सिंह बाबरा, पूर्व पार्षद प्रमोद चौधरी, डॉ. सुशील मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, योगेन्द्र चौबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी कमलेश सोनी ने किया।

## बकरी ने दिया 8 पैरों वाले मादा शावक को जन्म



**बिहारपुर।** विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम कोल्हुआ में एक बकरी ने असामान्य मादा शावक को जन्म दी है। जन्म के 15 मिनट बाद ही शावक की मौत हो गई। ग्राम कोल्हुआ बोकरा टोला निवासी रामकेश साहू की बकरी ने शनिवार को दो मादा शावकों को जन्म दिया। एक शावक के आठ पैर, तीन कान एवं दो कमर जबकि दूसरा मादा शावक सामान्य है। आठ पैर वाले असामान्य शावक को देख पशुपालक सहित आसपास के लोग हैरान थे। जन्म के 15 मिनट बाद ही असामान्य मादा शावक की मौत हो गई। जैसे ही लोगों को इसकी भनक लगी लोग मृत शावक को देखने रामकेश्वर के घर पहुंचने लगे।

## अत्यधिक रक्तस्राव से गंभीर प्रसूता की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर अस्पताल में प्रसव के गंभीर हुई प्रसूता की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। चिकित्सकों ने महिला की अत्यधिक रक्त स्त्राव होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया था। परिजन ने प्रसव कराने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोटगवां निवासी समतिया पति गौरीशंकर (34 वर्ष) शनिवार को प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन उसे प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने समतिया का प्रसव कराया तो वह स्वस्थ शिशु को जन्म दी। इस बीच प्रसूता को रक्त स्त्राव होने पर जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान कुछ समय बाद प्रसूता की मौत हो गई। परिजन ने प्रसव में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### छठ घाटों में उमड़ी भीड़, तैयारियां पूर्ण, सुरक्षा के किए गए इंतजाम

# अस्ताचल सूर्य को दिया गया अर्घ्य, खीर भोजन के साथ हुई कठिन व्रत की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूर्योपासना का महापर्व छठ शुरू हो गया है। रविवार को खरना के दिन व्रती महिलाओं ने घाट बंधान के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके साथ शाम को खीर भोजन कर कठिन व्रत की शुरुआत की और सोमवार को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया गया। व्रती अब उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अपने व्रत का समापन करेंगे। इधर छठ पूजा को लेकर छठ घाटों में तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो गई है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। इसके साथ ही पुलिस विभाग ने भारी वाहनों के मार्ग परिवर्तित किए है। वहीं छठ पूजा को लेकर बाजार में लोगों की भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने सूपा, दौरी, गन्ना, दिया व अन्य पूजन सामग्रियों की खरीददारी की।

चार दिवसीय शारदीय छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई थी। समितियों द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई करने के साथ ही साज सज्जा की गई है जबकि प्रतिवर्ष उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर छठ घाटों का विस्तार किया गया है जबकि टेंट पंडाल, जगराता कार्यक्रम, पूजा के लिए दूध, ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट में मां महामाया छठ सेवा समिति के साथ ही घुनघुट्टा खर्रा नदी पर श्याम घुनघुट्टा सेवा समिति द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। इसके साथ ही शहर के मरीन ड्राइव, शिवधारी कॉलोनी तालाब, शिव सागर बांध तालाब, महामाया तालाब सहित अन्य छठ घाटों भी में जोर शोर से तैयारियां की गई है। छठ पूजा के तहत शनिवार को व्रतियों ने नहान खान के साथ पूजा की शुरुआत की जबकि रविवार को घाट बांधने व खीर भोजन के बाद व्रतियों के कठिन व्रत की शुरुआत की। व्रती महिलाएं सोमवार को अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य देंगी जबकि 28 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ पूजा का समापन किया जाएगा।





### सांसद, विधायक ने लिया छठ घाट की तैयारियों का जायजा

**राजपुर।** उत्तर वाहिनी गेउर नदी तट पर छठ महापर्व की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने घाट स्थल का निरीक्षण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्था में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने मौके पर आरईएस विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिया कि छठ पर्व के बाद शीघ्र ही स्थायी छठ घाट निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। घाट स्थल पर वॉटरप्रूफ पंडाल, तीनों ओर से सीढ़ियों की व्यवस्था, तथा पूरे मैदान में पानी छिड़काव जैसी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। समिति के सदस्यों ने सांसद चिंतामणि महाराज से स्थायी विद्युत व्यवस्था की मांग रखी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में घाट पर अस्थायी एक फेस लाइन से बिजली व्यवस्था की गई है, जिसे स्थायी करने की आवश्यकता है। सांसद ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि घाट पर 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर, समिति के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, आदि नगर वासी थे।



### व्रतियों ने आज छठ घाटों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर किया घाट बंधान

**सूरजपुर।** छठ पर्व को लेकर नगर के विभिन्न छठ घाटों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज बड़ी संख्या में व्रतियों ने छठ घाटों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर घाट बंधान किया। सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा।



परिवार की सुख समृद्धि की कामना को लेकर मनाए जाने वाला भगवान सूर्य के उपासना का महापर्व छठ नगर में धुमधाम से मनाया जा रहा है।आज बड़ी संख्या में व्रतियों ने छठ घाटों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर घाट बंधान किया। 27 अक्टूबर को अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य एवं 28 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होगा। छठ घाट समिति के अध्यक्ष गणेश सोनी ने बताया छठ घाट में व्रतियों को उतरने के लिए एक किनारे में तो सीढ़ी लगभग चार वर्ष पहले बन गया था परन्तु दूसरे किनारे में आज तक सीढ़ी का निर्माण नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि छठ के समय कई जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है परन्तु आज तक सिढी निर्माण का महज आश्वासन ही दिया गया है जो धरातल पर कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। सीढी निर्माण नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### शुरू हुआ लोकआस्था का महापर्व छठ

**सीतापुर।** डूबते सूरज को अर्घ्य देने के बाद घाट बंधाई के साथ सूर्यदेव को समर्पित महापर्व छठ पूजा शुरू हो गया। इस दौरान बाजारडांड एवं साई मंदिर के पास स्थित तालाब किनारे निर्मित छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। विदित हो चार दिनों तक चलने वाला लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत शनिवार से शुरू हो गई थी। रविवार को अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती मीठा खीर का प्रसाद ग्रहण करते है। इसके अगले दिन 24 घँटे का निर्जला व्रत रखते हुए चौथे दिन उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन किया जाता है। छठपूजा को लेकर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाजारडांड एवं साई मंदिर के पास स्थित तालाब का नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई कराई गई है। इसके साथ ही छठ घाटों में साज सज्जा की गई है। व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं के घाट में रुकने की पूरी व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की गई है।

### सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा धूमधाम से प्रारंभ

**रामानुजगंज।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ शनिवार को नहाय-खाय के साथ हुआ। आज व्रत के दूसरे दिन सैकड़ों की संख्या में व्रती महिलाएं कनहर नदी तट पर पहुंचीं, जहां विधि-विधान से स्नान, ध्यान और थाला पूजन किया। नदी से जल भरकर व्रती महिलाएं घर लौटीं और पूजा की तैयारियों में जुट गईं। शाम को खीर-भोजन के साथ खरना संपन्न होगा, जिसके बाद व्रती महिलाएं 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास की शुरुआत करेंगी। सोमवार की शाम व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी और मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होगा। छठ पर्व को लेकर नगर में व्यापक तैयारियां की गई हैं।



### खर्रा नदी छठ घाट में उमड़ी लोगों की भीड़

शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट के बाद अब सबसे अधिक भीड़ घुनघुट्टा खर्रा नदी पर श्याम घुनघुट्टा सेवा समिति द्वारा किए जा रहे छठ पूजा आयोजन में उमड़ रही है। साफ व बहते पानी के साथ ही प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर घाट को लेकर लोगों में विशेष आकर्षण है। समिति द्वारा भी छठ घाट में व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है आकर्षक साज सज्जा के साथ लगभग 2 हजार घाट तैयार किए गए है। घाट पर बनारस से आए विद्वानों द्वारा विधि विधान से गंगा आरती की जाएगी जबकि समिति द्वारा जगराता का आयोजन भी किया गया है जिसमें भोजपुरी कलाकार प्रवीण सिंह भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव की पहल पर एक करोड़ की लागत से निर्मित शिव सागर बांध में भी व्यापक तैयारियां है। घाट बंधान के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, जिलाध्यक्ष कांग्रेस बाल कृष्ण पाठक व राकेश गुप्ता ने घाटों का दौरा किया और व्रतियों से मुलाकात की।

## फारेस्ट टुकुडांड ने ट्राईब्रेकर में कपसरा को हराया, खिताब किया अपने नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम गोटगंवा में आयोजित नार बुमकाल ओपन नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को संपन्न हुआ। फाइनल मैच फारेस्ट टुकुडांड और कपसरा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। जिसमे बाद मुकाबले का फैसला ट्राईब्रेकर से किया गया, जिसमें फारेस्ट टुकुडांड की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए विजयी रही और ट्रॉफी अपने नाम की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यासागर सिंह ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, यह जीवन में अनुशासन और एकता का प्रतीक है। खिलाड़ी जब मैदान में उतरता है, तो वह पूरे गांव और समाज की पहचान बन जाता है। खेल भावना हमें संघर्ष और सफलता का सच्चा अर्थ सिखाती है। हार से घबराना नहीं, बल्कि हर बार बेहतर प्रदर्शन करना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। ग्राम गोटगंवा में हुए इस आयोजन ने क्षेत्र में खेलों के प्रति उत्साह को नई दिशा दी है और युवाओं को प्रेरणा देने का काम किया है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नवीन जायसवाल,एसडीओ अनूप एक्का, त्रिभुवन सिंह टेकाम, थाना प्रभारी अमित कौशिक, छोटेलाल तिर्की, राजू सिंह आयाम, गोल्डी खान, डॉ. नारायण टेकाम, देवचंद पंडो के अलावा आयोजन समिति में चनद्रिका प्रसाद आयाम, शम्भू मरावी, अपोलो कुजूर, मुकेश आयाम, जयप्रकाश खलखो, सुदामा पोया, रामसाय आयाम, रामबिलास मरावी, रोशन जगत, रामकिशुन पोया, देवनारायण आयाम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज की नगर में निकाली जा रही प्रभात फेरी

- रविवार को शबद कीर्तन के साथ हुई शुरुआत

**बिश्रामपुर।** सिक्ख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी सदियों से चली आ रही परम्परा अनुसार नगर में प्रभात फेरी निकालने का शुभारम्भ हो गया है, रविवार को प्रथम दिन सिक्ख सेवादार हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी सुखदेव सिंह के गृह निवास पर सेवा कराई गई,सुबह तड़के करीब सवा पांच बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु व साध संगत गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से निशान साहेब लेकर गुरबाणी शबद कीर्तन करते हुए हॉस्पिटल कॉलोनी पहुंचे, यहाँ पर रागी जत्थे ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत एवं अजीत सिंह प्रीत द्वारा संगत के समक्ष शबद कीर्तन किया गया, अरदास समाप्ति पश्चात नाश्ते प्रसाद की सेवा की गई, सोमवार को दूसरी प्रभात फेरी की सेवा पूर्व प्रधान व सिक्ख सेवादार रणवीर सिंह भामरा द्वारा गुरुद्वारा में रखाई गई है,प्रभात फेरी के दौरान सिक्ख समाज के जसबीर सिंह टीटू,परमजीत सिंह जूनियर,अवतार सिंह मान,हरजीत सिंह सैनी,गुरदीप माखीजा,निंदर सिंह खालसा,मनी बग्गा,गगनदीप सिंह बग्गा,मनप्रीत सिंह सोहल,परमजीत सिंह टीटे,मंजीत सिंह उपस्थित रहे।

## कीटनाशक पीने की गंभीर छात्रा की गई जान

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भदवाही जामडीह निवासी नीतू आ. राम जगत (15 वर्ष) ग्राम खमरिया में कक्षा 11वीं में पढ़ाई करती थी। 22 अक्टूबर को नीतू का जन्मदिन था और वह घर में अकेली थी जबकि परिजन किसी काम से बाहर गए थे। परिजन वापस घर लौटे तो नीतू के मुंह से झाग निकलते देख पूछताछ की लेकिन बालिका कुछ नहीं बताई। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बालिका की मौत हो गई।

## कीटनाशक से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम कचंनपुर निवासी मान सिंह आ. शिव रतन (65 वर्ष) 17 अक्टूबर को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

## पात्र कोल कर्मी को कम्पनी आवास आबंटित करने हेतु जीएम समेत निदेशक को लिखा गया पत्र


**बिश्रामपुर।** साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री अजीत कुमार यादव ने एसईसीएल क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित कंपनी के निदेशकों को पत्र लिखकर क्षेत्र के वन बी 44 नंबर क्वार्टर में अवैध रूप से काबिज व्यक्ति से कब्जा खाली कराकर पात्र कोल कर्मी को उक्त आवास आबंटन कराये जाने की मांग की है,महाप्रबंधक को लिखित शिकायत में अजीत यादव ने उल्लेख किया है कि अविनाश सिंह द्वारा गलत तरीके से उक्त आवास को लगभग चार से पांच वर्षों से कब्जा कर नियम विरुद्ध तरीके से उक्त कम्पनी आवास का लाभ ले रहा है,जबकि वह और उसका परिवार वन बी टाइप क्वार्टर के इंटाइटल श्रेणी में नहीं आता है।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

लाइफ Style



# उर्वशी

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'




# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***




***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

*मुंबई। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप

### एमसीबी जिले के रवि बने प्रदेश प्रवक्ता

**मनेन्द्रगढ़।** छग प्रदेश युवा कांग्रेस ने संगठन सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए 11 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे एवं प्रदेशध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर को जारी आदेश के आधार पर ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन रायपुर से जारी सूची में एमसीबी जिले मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से पूर्व एल्डरमैन रवि जैन को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रभर के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसियों में खुशी का माहौल है। नियुक्ति प्रवक्ताओं की सूची में लक्षित तिवारी, शुभम दुबे, सत्यजीत शेंडे,समीर सिंह चौहान, सलमान नवाब, स्वप्निल हुमने, मो. सरोज, रवि जैन, तहसीन अकरम, राकेश मौर्य व प्रीति ठाकुर शामिल हैं। उक्त नियुक्ति का आदेश गुलजेब अहमद, प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन छग प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा जारी किया गया। अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए रवि जैन ने कहा कि मैं राष्टीय एवं प्रदेश नेतृत्व का हृदयपूर्वक आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास व्यक्त किया। मैं संगठन की नीतियों को युवा वर्ग तक पहुंचाते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूर्ण सक्रियता, निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करूंगा। स्थानीय नेताओं ने कहा कि श्री जैन की सक्रियता और युवाओं से जुड़ाव संगठन के लिए ऊर्जा का संचार करेगी।



### आंबा भर्ती में अंकतालिका सुधार की मांग की

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत पेंड्री निवासी विधवा महिला सुमित्रा पति स्व. सूरजलाल ने आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में गंभीर त्रुटियों का आरोप लगाते हुए अपर कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया है। सुमित्रा ने बताया कि उसने पेंड्री एवं मुडकटवापारा केन्द्रों के लिए आवेदन किया था। प्रकाशित पात्र-अपात्र सूची में मुडकटवापारा केन्द्र के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता एवं विधवा श्रेणी के अंक ही जोड़े गए हैं, जबकि जाति प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड आधारित अंक शामिल नहीं किए गए हैं। इसी प्रकार पेंड्री केन्द्र की सूची में भी उसे सिर्फ विधवा होने का लाभ दिया गया है, जबकि शैक्षणिक योग्यता, जाति एवं राशन कार्ड से मिलने वाले अंक दर्ज नहीं किए गए। यहां तक कि कुल प्राप्तांक शून्य दर्शाया गया है। सुमित्रा ने आरोप लगाया कि सामान्यतः इस पद पर अविवाहित या विधवा महिलाओं की प्राथमिकता होती है, परंतु सूची में कुछ विवाहित महिलाओं का चयन किया गया है, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन से दोनों केन्द्रों की अंकसूची का पुर्नमूल्यांकन कर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है।

### सांसद ने गयाबोध को बनाया प्रतिनिधि

**अनूपपुर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने नगर पालिका परिषद बिजुरी की बैठकों में अपनी ओर से भागीदारी के लिए गयाबोध मिश्रा को सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति किया है। सांसद कार्यालय द्वारा जारी अधिकृत पत्र में बताया गया कि गयाबोध मिश्रा, पिता संतराम मिश्रा निवासी माइनर्स तिराहा वार्ड क्रमांक 6, बिजुरी जिला अनूपपुर को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

## निधन

### विनोद अग्रवाल

मनेन्द्रगढ़। शहर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी विनोद अग्रवाल का सोमवार की दोपहर निधन हो गया। स्व. अग्रवाल 73 वर्ष के थे। स्व. अग्रवाल का अंतिम संस्कार अग्रवाल शॉप, स्टेशन रोड स्थित आवास से 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे निकलेगी। वे नितिन अग्रवाल एवं नीलेश अग्रवाल के पिता थे।



## रोजाना शहरवासी होते हैं परेशान

# बैंकों के बाहर पार्किंग नहीं, मनेन्द्रगढ़ में जाम

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के व्यस्त इलाकों में संचालित बैंक शाखाओं के बाहर पार्किंग की अनुपस्थिति ने शहरवासियों की रोजमर्रा की परेशानी को बढ़ा दिया है। बैंक के ग्राहकों और आम लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने के कारण मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक अक्सर बाधित रहता है। यह समस्या विशेष रूप से रेलवे स्टेशन रोड, स्टेट बैंक के सामने, सेंट्रल बैंक के सामने, पंजाब नेशनल बैंक के सामने व मुख्य बाजार जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अधिकारियों के अनुसार बैंक शाखाएं बैंकिंग लेन-देन की व्यस्तता के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही हैं, लेकिन पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन मालिक त्वरित सेवा के लिए सड़क किनारे खड़े हो जाते हैं, इससे सड़क संकरी पड़ जाती है, दुपहिया व चार-पहिया वाहनों के बीच चालन कठिन हो जाता है, और ट्रैफिक जाम बन जाना आम हो गया है। स्थानीय व्यवसायियों ने कहा कि सुबह-शाम समय बैंक की कतारों के चलते सड़क के एक हिस्से में वाहन खड़े रहते हैं।

ग्राहक, बैंक जाते-आते, उपभोक्ताओं के लिए वाहन पार्क करते हैं, इसके कारण फुटपाथ, सड़क किनारा बाधित हो जाते हैं। एक व्यापारी ने कहा कि बैंक परिसर में जगह होनी चाहिए थी, पर हम लोग बाहर खड़े होकर इंतजार करते नजर आते हैं और हमारे सामने ग्राहक भी अटका हुआ महसूस करते हैं। जब ट्रैफिक पुलिस व नगर पालिका को इस समस्या से अवगत कराया गया, तो अधिकारियों का जवाब था कि जागरूकता की कमी और नियोजनहीनता कारण है। इलाका निरीक्षण के दौरान नो पार्किंग बोर्ड देखा गया है, लेकिन उसके अनुपालन के लिए पर्याप्त फोर्सिंग नहीं हो रही।




### क्या कहता है नियम

नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इंडिया के मुताबिक वाणिज्यिक भवनों में प्रति 100 वर्ग मीटर ग्राउंड फ्लोर एरिया पर कम से कम 1 कार पार्किंग स्पेस होनी चाहिए। वाहन पार्किंग को सड़क किनारे मुक्त रूप से छोड़ना आम व वाह्य यातायात के लिए बाधा उत्पन्न करता है, ऐसे मामलों में स्थानीय यातायात नियमों के तहत दंडनीय प्रावधान लागू हैं। निर्माण और उपयोग अनुमति नियमों में यह अनिवार्य है कि बांकी उपयोग के लिए पर्याप्त ऑफ-स्ट्रीट (भवन के भीतर) पार्किंग सुनिश्चित की जाए न कि सड़क किनारे।

### नागरिकों की मांग

बैंक शाखाएं अपने परिसर में ग्राहकों के वाहन पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान समायोजित करें। निगम व ट्रैफिक पुलिस मिलकर बैंक-समक्ष पार्किंग जोन चिन्हित करें, जहां बैंक वाले वाहन खड़े हों, न कि सड़क पर। बैंक के बाहर वाहन खड़े होने पर नियत चालान-प्रवर्तन के साथ वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराना आवश्यक। भविष्य में भवन एवं बैंक लाइसेंसिंग प्रक्रिया में पार्किंग की बाध्यकारी शर्त शामिल की जाए। नगरीय जनजीवन की सहजता व यातायात प्रवाह के लिए इस समस्या का त्वरित समाधान आवश्यक है।



# साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को दी गई जानकारी

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज के द्वारा लगातार आमजन से साइबर संवाद के माध्यम से साइबर अपराध और उसके बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराए जाने के लिए निर्देशित किया जा रहा है, जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, साइबर प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान एवं साइबर टीम के द्वारा आमजन को 27 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 19 जूनापारा में वार्ड पार्षद रीमा जायसवाल की उपस्थिति में आमजन से साइबर सुरक्षा संबंधित संवाद किया साथ ही उनकी समस्याएं सुनी गई एवं साइबर अपराध से बचने का उपाए बताया गया। साइबर अपराध को लेकर कोरिया पुलिस लगातार जन जागरूकता अभियान चला रही है, जिसके सार्थक परिणाम भी देखने को मिले रहे हैं, फिर भी लोग साइबर ठगों के झांसे में आ जाते हैं, साइबर अपराध रोकने के लिए लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है, किसी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर किसी प्रकार के लिंक, एपीके फाइल या फोन पर आए मैसेज और ओटीपी को शेयर ना करें, विश्वसनीय ऐप, सॉफ्टवेयर का उपयोग करें, संदिग्ध लिंक से बचें और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से परहेज करें, सुरक्षित ऑनलाइन आदतें अपनाएं, बच्चों को इंटरनेट सुरक्षा के बारे में शिक्षित करें और इस बात का ख्याल रखे कि अगर आप साइबर फ्राड के जाल में फंस जाते हैं तो डरें नहीं साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत जरूर दर्ज कराएं और स्थानीय पुलिस से भी संपर्क करें। सुरक्षा के प्रति सक्रिय और स्मार्ट रहकर साइबर जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

- कोरिया पुलिस चला रही साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम

# भाजपा अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे कोरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े का प्रथम कोरिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, फूल मालाओं व गर्मजोशी के साथ स्वगात किया। भाजपा अजा मोर्चा के द्वारा सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव एवं अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, सुनीता कुर्रे, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, संगीता सोनवानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े,




जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, अशोक सोनवानी, अनिल खटिक, दीपक चौथहा, दिलराज रवि उपस्थित रहे।

भाजपा अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजना सभी वर्ग के उत्थान के लिए बनाया गया है, सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में ही एक चाय वाले के बेटा प्रधानमंत्री बन सकते हैं, एक आदिवासी बहन राष्टपति बन सकती है, एक आदिवासी मुख्यमंत्री बन सकता है, यह केवल भाजपा में ही संभव है। उन्होंने ने कहा कि भूपेश के राज में गौठान घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला जैसे अनेक घोटाला हुआ, आज भी कांग्रेस के नेता व नेताओं के बेटे जेल के अंदर है और कांग्रेस कभी भी अनुसूचित जाति के हित में कभी कोई काम नहीं किया।

अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर अग्रसर है, हम भारत में निर्मित वस्तुओं को ही खरीदे व उपयोग कर, हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी व आत्मनिर्भर बनाने में कार्यकर्ताओं को आह्वान किया। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अजा मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी के रीड के हड्डी के रूप लगातार मेहनत कर रहे हैं, जिसका लाभ पार्टी को हमेशा मिलता रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर हम पिछले बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव में हमने 25000 वोटो से विजयी रहे। आने वाले समय में पार्टी कार्यकर्ताओं के मेहनत से बूथ, मंडल एवं जिला को सशक्त करेंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, राकेश गुप्ता, अशोक सोनवानी, रीता यादव, पुष्पा राजवाड़े, कल्पना, धर्मजीत सोनवानी, मनोज सोनवानी, सतेन्द्र राजवाड़े, हरिओम साहू, रोशन राजवाड़े, नोखेलाल कुर्रे, जय चक्रधारी, गोपी कुर्रे, रमेश पोया, संतोष सारथी, विक्की सारथी, अवधेश कुर्रे, बाबूलाल, हलरे पात्रे, अरूण राज, सत्या रवि सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पनिका समाज का हुआ शपथ ग्रहण



आयोजन में शामिल अतिथि व समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

भारतीय पनिका समाज कोरिया का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि रामधन देवांगन एवं सूरजपुर जिले से शिवशंकर गोयन जिला अध्यक्ष सूरजपुर, बलरामपुर जिला अध्यक्ष सुंदरलाल राही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला से आए हेमलाल पनिका, श्यामलाल पुरी, रवि गोयन, बच्चा लालजी, रामप्रकाश, गेंदलाल जैसे विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कुमार चौक बैकुंठपुर में गाजे-बाजे,करमा दल के साथ रैली निकाली गई।

समय लाल सोनवानी के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद दयाल पनिका के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सुश्री ममता तांजे द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत गाया गया। सामूहिक नृत्य सुमन एवं साथी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय चिकनजूरी के द्वारा किया गया। पनिका समाज जिला समिति, युवा समिति, महिला समिति, ब्लॉक समिति, ग्राम इकाई समितियों के समस्त पदाधिकारियों का शपथ संभागीय अध्यक्ष और अन्य जिलों से आए पदाधिकारियों के माध्यम से शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। बिजेन्द्र मानिकपुरी के सानिध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपादित किया गया। इसमें सुनील मानिकपुरी, ममता तांजे, पूजा, राज टाडिण्या एवं सुमित देवांगन ने मधुर गीत, मृत्युंजय पुरी एवं दिनेश पुरी द्वारा संगीत देकर चार चांद लगा दिया। वहीं लक्ष्मी एवं ग्रुप द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। सुनील मानिकपुरी ने अपने विख्यात गीतों को महफिल में उड़ेल दिया व जोरदार तालियों के गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा।

कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 10 वीं, 12 वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए बालक-बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज के सदस्य जो 2024-25 में शासकीय पदों पर सरकारी नौकरी प्राप्त किए, उन्हें भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसमें विकासखंड आयुष चिकित्सा अधिकारी बैकुंठपुर डॉ.अंजली, व्याख्याता लखनपुर प्रीति पड़वार, कम्प्युटर शिक्षिका बैकुंठपुर अमृता गोयन, वकील बैकुंठपुर रिया ग्वाले एवं दीया बघेल शामिल रहे। जनप्रतिनिधि के रूप में श्रीमती कामिनी, जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16 बरदिया मनोज जांता, पार्षद चरचा क्षेत्र संजय देवांगन, पार्षद बैकुंठपुर श्रीमती ममता, पन्नालाल गोयन, उप सरपंच जूनापारा चंद्रप्रकाष, पूर्व उप सरपंच श्रीपति राम सोनवानी, वार्ड पंच बरदिया महेश सोनवानी, पंच महुआपारा खरवत दिनेश धवरिहा, पंच श्रीमती दीपा टाण्डिया, पंच धर्मेन्द्र कोराम उपस्थित रहे, इन्हें भी प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया गया। जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष उमाशंकर उर्फ बंटी, अध्यक्ष महिला समिति श्रीमती बबीता ग्वाले एवं समस्त कार्यकर्ताओं एवं युवा पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई गई। अंत में पनिका समाज के जिलाध्यक्ष राजाराम जांता ने आभार प्रदर्शन किया।

## सार्वजनिक स्थलों पर जन्मदिन, उत्सव मनाने व वाहनों पर स्टंट करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** छग उच्च न्यायालय के सख्त निर्देशों के पालन में अब जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक चौक-चौराहों, सड़कों और गलियों में किसी भी प्रकार के जन्मदिन समारोह, अन्य उत्सव या वाहनों पर स्टंट करने की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह के कृत्यों को अनुचित बताते हुए शासन को रोक लगाने के निर्देश दिए थे, इसके अनुपालन में राज्य के मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किए हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के आयोजनों पर पूर्णतः रोक लगाई जाए और उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कठोर कदम उठाए जाएं। निर्देशों के पालन में जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सभी नगरीय निकायों को आदेशित किया है कि किसी भी स्थिति में चौक-चौराहों, सड़कों या गली-मोहल्लों में वाहन सहित जन्मदिन या अन्य उत्सव मनाने वालों के विरूद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करें। साथ ही उन वाहन चालकों पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जो दुपहिया या चारपहिया वाहनों से सार्वजनिक चौक, सड़कों पर स्टंट करते हैं। नगरीय निकायों द्वारा आम नागरिकों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है तथा अपील की जा रही है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के आयोजन न करें, जिससे यातायात एवं सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित न हो।

- उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रशासन सक्रिय

## निधि ने किया रामलाल का भावपूर्ण श्रृंगार

**मनेन्द्रगढ़।** दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर अग्रसेन भवन में इस वर्ष भक्ति और सृजनशीलता का अनूठा मेल देखने को मिला। एकता ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्रीमती निधि अग्रवाल ने अयोध्या धाम में विराजमान भगवान श्री रामलला की प्रतिकृति के रूप में बालक नमन अग्रवाल को दिव्य स्वरूप प्रदान किया। बालक की मोहक और जीवंत प्रस्तुति ने उपस्थितजन का मन भाव-विभोर कर दिया।



तकनीक और प्रस्तुति का संपूर्ण मिश्रण निधि अग्रवाल ने बालक की साज-सज्जा में सूक्ष्मतम बातों का विशेष ध्यान रखा। माथे पर स्वर्णिम तिलक और चंदन की अलंकरण रेखाएं,हल्के मेकअप के साथ गुलाबी आभा, मखमली पीतांबर और कमरबंध ,मुकुट, धनुष-वाण और सृजनात्मक आभूषण के साथ सौम्य प्रकाश प्रभाव के साथ मंच पर अवतरण किया गया। इन सभी तत्वों ने मिलकर ऐसा आभास कराया मानो श्रीरामलला स्वयं मंच पर विराजमान हों। प्रस्तुति देखते ही दर्शक भावुक हो उठे। एक दर्शक ने कहा कि यह दिव्य प्रस्तुति मन को शांति देने वाली थी। ऐसा प्रतीत हुआ कि भगवान श्रीराम हमारे बीच हैं। आयोजन में मौजूद प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि हमने टीवी पर रामलला की झलक देखी थी, पर यहां तो जीवंत अनुभव मिला। बच्चों को संस्कृति से जोड़ने का यह अनुपम प्रयास है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कांच ही बांस के...

के प्रतीक बनाए गए। गन्ने के मंडप के नीचे दिए जलाकर अनार, सेब, संतरा, केला, नारियल, चना, गुड़, आटे का खस्ता भोग के रूप में सूर्य भगवान को अर्पित किया गया। इस अवसर पर शहर के व आस पास के छठ घाटों में व्रतियों के साथ परिवार के लोग भारी संख्या में जुटे रहे। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अधिकांश छठ घाट से व्रति अपने घर वापस आ गए। उल्लेखनीय है कि मुख्यतः बिहार, झारखंड एवं उत्तरप्रदेश में मनाया जाने वाला यह पर्व जिले में निवासरत परिवारों द्वारा धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसमें स्थानीय लोगों की सहभागिता भी बढ़-चढ़कर होती है।

### घर-घर बना...

होने से पूर्व घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने कमर तक जल में खड़े होकर सूर्य देवता के समक्ष कुटुंब की सुख-समृद्धि की कामना की। व्रतधारी श्रीमती रंभा सिन्हा ने कहा छठ मइया हमें अनुशासन, पवित्रता और परिवार के प्रति समर्पण का संदेश देती हैं। मंगलवार तड़के 3 बजे से ही श्रद्धालु घाटों की ओर पहुंचना शुरू करेंगे और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके बाद पारणा कर व्रत का समापन होगा।

### संभाग के पहले...

छठ पर्व के अवसर पर नगर पालिका द्वारा सुबह से ही मुख्य मार्गों की सफाई कर शुद्ध जल से धुलाई की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ घाट तक जाने वाले मार्गों पर विशेष रूप से लाइटिंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी खुशी अंशी स्टोन क्रेशर, खैरातीडांड सरईगहना के संचालक एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने सभी श्रद्धालुओं को गन्ना वितरण कर पुण्य अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष अजीत लकड़ा ने श्रद्धालुओं के लिए पानी, चाय और बिस्किट की व्यवस्था की। भीड़ के बावजूद घाट पर अनुशासन और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना रहा।

## मौसम के पूर्वानुमान का दिखा असर

# बदला मौसमः दोपहर में हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बंगाल की खाड़ी के उपर बने सिस्टम के प्रभाव के जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई हिस्सों में सोमवार को दोपहर के समय हल्की बारिश हुई, तो कुछ जगहों पर मध्यम बारिश भी हुई। शहर व आस-पास के क्षेत्रों में कुछ देर की हल्की बारिश के बाद बारिश थम गई।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार छठ के दिन बारिश होने की जानकारी दी गई थी और इस दिन कोरिया जिले के कई क्षेत्रों में हल्की तो कही पर मध्यम बारिश हुई। हालांकि दोपहर में बारिश होने के बाद रूक गई, जिससे कि छठ



व्रतियों को छठ घाट जाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। इस दिन अपरान्ह के समय मौसम साफ रहा और शहर के विभिन्न क्षेत्रों के छठ घाटों पर व्रति अपने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे। यदि अपरान्ह के समय बारिश होती तो व्रतियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता था। उल्लेखनीय है कि मानसून की विदाई हो गई है, लेकिन खाड़ी में बने सिस्टम के कारण वापसी हुई।

### धान फसल को नुकसान

वर्तमान में सोमवार को हुई बारिश के कारण धान फसलों को नुकसार पहुंचाने वाला साबित हुआ। हालांकि अधिक समय तक तेज बारिश नहीं हुई,इसके बावजूद जिन किसानों ने धान की फसल को काटकर अपने खलिहान में रखे हैं, उसे नुकसान हुआ है, इसके अलावा खेतों में काटकर छोड़े गए धान को भी नुकसान हुआ, लेकिन खेतों में खड़ी धान की फसल को हल्की बारिश से ज्यादा नुकसान नहीं होगा। यदि इस दौरान तेज बारिश होती है तो धान फसल को काफी नुकसान पहुंच सकता है। बारिश को देखते हुए किसान अपने खेतों में पके धान के फसल को जल्द से जल्द काटकर ले जाने में जुटे हुए हैं।

